Class - VIII
Subject - HINDI GRAMMAR
पाठ – 3 शब्द–विचार

1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें।

क. शब्द क्या है?

उत्तर दो या दो से अधिक वर्णों का सार्थक समूह शब्द कहलाता है।

ख. पद क्या है?

उत्तर वाक्य में प्रयुक्त शब्द को पद कहते हैं।

ग. प्रयोग के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखें।

उत्तर प्रयोग के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं –

1. विकारी और
2. अविकारी

घ. विकारी शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर वाक्य में प्रयोग करते समय जिन शब्दों के रूप लिंग, वचन और कारक के अनुसार बदल जाते हैं, वे विकारी शब्द कहलाते हैं।

ङ अविकारी शब्द की परिभाषा लिखें।

उत्तर जिन शब्दों के रूप में लिंग, वचन और कारक के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता है, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं।

च. यौगिक शब्द की परिभाषा लिखें।

उत्तर वे शब्द, जो एक से अधिक शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खंडों का अर्थ होता है, वे यौगिक शब्द कहलाते हैं।

छ. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखें।

उत्तर उत्पत्ति के आधार पर शब्द के पाँच भेद होते हैं –

1. तत्सम शब्द
2. तद्भव शब्द
3. देशज शब्द
4. विदेशज शब्द और
5. संकर शब्द